हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

06 एसडीएम-तहसीलदार ने स्कूल-आंगनबाड़ी ...



09 नपाध्यक्ष की कुर्सी पर खतरे के बादल करोड़पति...



सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदन आमंत्रित



सीहोर। शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सीहोर जिले से वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह यात्रा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यात्रा के लिए पात्र वरिष्ठ नागरिकों जिनकी आयु 60 वर्ष या उनसे अधिक है उसे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिलाओं के लिए 2 वर्ष की छूट है तथा वरिष्ठ नागरिक आयकरदाता नहीं होने चाहिए। इच्छुक आवेदक 18 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही आवेदन संबंधित नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। यात्रा के लिए निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर यात्रियों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के एकल यात्रियों को एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय-सीमा में अपने आवेदन निकटतम नगर पालिका, नगर परिषद अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करें।

आज सुबह 6 बजे से डायवर्ट रहेगा इंदौर-भोपाल हाईवे, कांवड़ यात्रा से पहले पुलिस व प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

कांवड़ यात्राः आज से 1200 जवानों के साये में रहेगा इंदौर-भोपाल हाईवे, 3 दिन ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

25 अगस्त को निकलने वाली सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक 11 किमी की कांवड़ यात्रा के लिए जिले के 400 जवान, जबकि 800 जवानों का दल आया बाहर से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। कुबेरेश्वरधाम पर पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवानों को व्यवस्थाओं के बारे में बताते हुए अधिकारी।

पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में मंगलवार को निकलने वाली भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर इस बार प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा का पुख्ता और अभेद्य प्लान तैयार किया है। सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक निकलने वाली इस यात्रा में उमडऩे वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूरे इंदौर-भोपाल हाईवे को सुरक्षा छावनी में तब्दील कर दिया गया है। आज से लगातार तीन दिनों तक हाईवे पर 1200 पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। साथ ही आम वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए 23 अगस्त की सुबह 6 बजे से 25 अगस्त की देर रात 12 बजे तक व्यापक ट्रैफिक डायवर्शन लागू कर दिया गया है।

भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए जिले के 400 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा बाहर से 800 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, विदिशा



के साथ-साथ विशेष सशस्त्र बल एसएफ और बटालियन की टुकडिय़ां शामिल हैं। सुरक्षा बल न केवल हाईवे और डायवर्शन रूट पर तैनात रहेगा, बल्कि कांवड़ यात्रा मार्ग, चौराहे और संवेदनशील पॉइंट पर चौबीसों घंटे निगरानी रखेगा।

बैरिकेड्स के अंदर चल रहे कांवड़िए

बता दें यूं तो पूरे सावन के महीने ही देश भर से कांवडिय़ों के आने का सिलसिला बना हुआ है। इंदौर-भोपाल हाईवे पर संभावित दुर्घटना से बचने के लए प्रशासन ने चौपाल सागर से कुबेरेश्वर धाम तक के मार्ग पर बेरीकेडिंग कर दी है, सभी कांवड़िए बेरीकेडिंग के अंदर ही चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि 24 अगस्त से यह बेरीकेडिंग हटा दी जाएगी, जबकि मार्ग डायवर्ट होने से पूरे मार्ग पर ही कांवड़िए चल सकेंगे।

बीते साल हुए हादसों से लिया सबक

बता दें पिछले वर्ष कांवड़ यात्रा और धाम के आयोजनों के दौरान अव्यवस्थाओं के कारण 7 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी। इसमें कांवड़ यात्रा से ठीक एक दिन पहले रुद्राक्ष वितरण काउंटर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई थी, जिसके बाद अगले तीन दिनों तक मौतों का सिलसिला चलता रहा। इसके अलावा कई-कई किलोमीटर लंबा महाजाम लगा था। इस बार ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बाहर से भी अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है।

23 से 25 अगस्त तक 3 दिन लागू रहेगा डायवर्शन

भोपाल से देवास-इंदौर जाने वालेः मुबारकपुर जोड़ परवलिया एवं तुमड़ा जोड़ खजूरी से डायवर्ट होकर श्यामपुर, कुरावर, ब्यावरा, शाजापुर और मक्सी होकर देवास-इंदौर जाएंगे।
इंदौर-देवास से भोपाल जाने वालेः मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, कुरावर, श्यामपुर होते हुए भोपाल पहुंचेंगे।
कन्नौद-खातेगांव क्षेत्र सेः आष्टा, शुजालपुर, पचोर होते हुए ब्यावरा जाएंगे।
होशंगाबाद, रेहटी, भैरूंदा से इंदौरः गोपालपुर, कन्नौद और आष्टा मार्ग से जा सकेंगे।

छोटे व सवारी वाहनों का वैकल्पिक मार्ग

भोपाल से इंदौर/उज्जैन जाने वालेः सीहोर न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ होकर अमलाहा मार्ग से आगे निकलेंगे।
इंदौर/उज्जैन से भोपाल जाने वालेः आष्टा, अमलाहा, भाऊखेड़ी जोड़ और न्यू क्रिसेंट चौराहा होकर भोपाल पहुंचेंगे।

आज से तैनात होगा अमला

भव्य कांवड़ यात्रा के लिए आज सुबह 6 बजे से मार्ग डायवर्ट रहेगा, जबकि पुलिस जवानों की भी पाइटों पर तैनात की जाएगी। आयोजन के लिए जिले से 400 पुलिस जवानों का बल, जबकि 800 का बल बाहर से आया है।

डॉ. प्रशांत चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर

धबोटी में 50 एकड़ शासकीय भूमि पर बाहरी भू माफियाओं का कब्जा, काटे जा रहे हरे-भरे पेड़

न्यायालय का आदेश भी बेअसर, महिला सरपंच ने दी आंदोलन की चेतावनी



सीहोर। मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत धबोटी में करीब 50 एकड़ बेशकीमती शासकीय भूमि पर बाहरी लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। अदालत द्वारा बेदखली के स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद मैदानी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धबोटी की खसरा क्रमांक 11, 13 और 15 की लगभग 50 एकड़ सरकारी जमीन सार्वजनिक उपयोग के लिए दर्ज है। आरोप है कि झाबुआ जिले से आए रनछोड़, भानू पिता दलजी और उनके 4 सहयोगियों ने इस जमीन पर अवैध रूप से डेरा डाल लिया है। कब्जाधारियों द्वारा जमीन को खेत में बदलने के लिए बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है।

नायब तहसीलदार का आदेश भी बेअसर

मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि न्यायालय नायब तहसीलदार सीहोर द्वारा पूर्व में ही इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वैधानिक बेदखली (अतिक्रमण हटाने) का आदेश जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते आदेश फाइलों तक ही सीमित हैं और जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा बदस्तूर जारी है।

सरपंच ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत धबोटी की सरपंच सुनीता ईश्वरसिंह चौहान ने प्रशासनिक रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा हमने शासन और प्रशासन के हर दरवाजे पर गुहार लगाई है। अदालत का बेदखली आदेश होने के बाद भी मैदानी अमला कार्रवाई करने से कतरा रहा है। बाहरी लोग हमारी पंचायत की जमीन पर कब्जा कर पेड़ काट रहे हैं और अधिकारी मौन हैं। यदि जल्द ही बुलडोजर कार्रवाई कर जमीन को मुक्त नहीं कराया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सरपंच ने एसडीएम सीहोर को पुनः शिकायती आवेदन सौंपकर शासकीय भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

साइबर फ्रॉड मामले में बड़ी सफलता 5 आरोपी गिरफ्तार साइबर ठगी की राशि पहुंचाने वाले गिरोह का खुलासा

सीहोर। थाना कोतवाली, सीहोर में फरियादिया कंचन तोमर पति अजय सिंह तोमर की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 238/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत साइबर फ्रॉड का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया,

इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कोतवाली रविन्द्र यादव के नेतत्व में थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित कर प्रभावी वैधानिक कायर्वाही हेतु निर्देशित किया गया ।

विवेचना के दौरान साइबर फ्रॉड की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज की गई। पोर्टल से प्राप्त मनी ट्रेल के तकनीकी विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि फरियादिया के खाते से ठगी गई विभिन्न एटीएम से दिनांक 09 एवं 10 अप्रैल 2026 को निकाली गई। स्थानीय मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने गोपाल सेन पिता घनश्याम सेन निवासी बाणगंगा, इंदौर एवं सुमित कोष्ठी पिता जीवन कोष्ठी निवासी परदेशीपुरा, इंदौर को गिरफ्तार कर माननीय



न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे एटीएम से निकाली गई पूरी राशि आर्यन अम्बेडकर निवासी बाणगंगा, इंदौर को सौंप देते थे, जिसके बदले उन्हें 5 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

आरोपियों से प्राप्त जानकारी, तकनीकी विश्लेषण एवं साइबर सेल के सहयोग से पुलिस ने आर्यन अम्बेडकर तथा उसके साथी ऋतेश प्रजापत निवासी बाणगंगा, इंदौर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आर्यन अम्बेडकर ने बताया कि वह साइबर फ्रॉड से प्राप्त राशि से यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) खरीदकर टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से मैटी नामक एक चीनी नागरिक को भेजता था। इसके बदले उसे 10 प्रतिशत कमीशन प्राप्त होता था। आर्यन अम्बेडकर से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने अनुराग पटेल निवासी थाना हीरानगर, इंदौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अनुराग पटेल ने स्वीकार किया कि वह भी साइबर फ्रॉड की राशि से यूएसडीटी खरीदकर टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से चीनी नागरिक मैटी को भेजता था। उसने यह भी बताया कि इस कार्य में उसका साथी शिवेंद्र सिंह राजपूत भी शामिल है। प्रकरण में अब तक कुल 5 आरोपी जिनमें गोपाल सेन, सुमित कोष्ठी, आर्यन अम्बेडकर, ऋतेश प्रजापत एवं अनुराग पटेल को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार आरोपी शिवेंद्र सिंह राजपूत की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है। साथ ही साइबर फ्रॉड नेटवर्क एवं विदेशी कनेक्शन के संबंध में विस्तृत तकनीकी एवं वैधानिक विवेचना जारी है।

एनजीटी के बैन के बाद भी खनन जारीः कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रहा कारोबार

389 कार्रवाई, 2.43 करोड़ जुर्माना, फिर भी सीहोर में नर्मदा नदी से पोकलेन और नावों के जरिए निकाली जा रही अवैध रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रतिबंध के बावजूद सीहोर जिले में नर्मदा नदी से अवैध रेत खनन का कारोबार पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा है। नदी के अलग-अलग हिस्सों में कथित तौर पर भारी मात्रा में रेत का उत्खनन किया जा रहा है। बड़े वाहनों के साथ पोकलेन मशीनों और नावों के जरिए भी रेत निकालने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे नर्मदा के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है।

सरकारी आंकड़ों में लगातार कार्रवाई

जिला खनिज विभाग के अनुसार जिले में कुल 173 गौण खनिज खदानें स्वीकृत हैं। इनमें 28 रेत, 125 गिट्टी और 20 मुरम की खदानें शामिल हैं। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 तक अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के कुल 389 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में 2 करोड़ 43 लाख 80 हजार 597 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।

इस दौरान कार्रवाई में 212 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 123 डंपर, 26 पोकलेन मशीन, 21 जेसीबी, 10 ट्रैक्टर लोडर, 9 नाव इंजन और 3 पनडुब्बियां जब्त किए जाने की



जानकारी विभाग ने दी है।

2024-25 में 374 मामले दर्ज

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के कुल 374 प्रकरण दर्ज किए गए थे। इन मामलों में 2 करोड़ 30 लाख 69 हजार 983 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, जिसमें से 2 करोड़ 30 लाख 09 हजार 77 रुपए की वसूली की गई। इनमें अवैध परिवहन के 290 मामलों से 1 करोड़ 58 लाख 91 हजार 691 रुपए, अवैध उत्खनन के 53 मामलों से 52 लाख 19 हजार 10 रुपए और अवैध भंडारण के 31 मामलों से 18 लाख 98 हजार 376 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।

चालू वित्तीय वर्ष में 15 प्रकरण

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के 15 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनसे 13 लाख 71 हजार 520 रुपए की वसूली की जा चुकी है। इनमें अवैध परिवहन के 12 मामलों से 10 लाख 67 हजार 520 रुपए और अवैध उत्खनन के तीन मामलों से 3 लाख 04 हजार रुपए शामिल हैं।

कार्रवाई के बावजूद नहीं थम रहा कारोबार

खनिज विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई और वाहनों की जब्ती के आंकड़े सामने आने के बावजूद नदी से अवैध रेत खनन की शिकायतें पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। खास तौर पर मशीनों और पनडुब्बियों के इस्तेमाल से बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने के आरोप प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। जिला खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे का कहना है कि विभाग द्वारा समय-समय पर अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। हालांकि, जमीनी स्तर पर अवैध उत्खनन की शिकायतें सामने आने से कार्रवाई की प्रभावशीलता को लेकर सवाल बने हुए हैं।

नर्मदा के प्राकृतिक स्वरूप पर खतरा

नदी से लगातार बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने से नर्मदा के नदी तल, जल प्रवाह और आसपास के पर्यावरण पर असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में केवल जुर्माना और वाहन जब्ती तक सीमित कार्रवाई के बजाय अवैध खनन के स्रोत और पूरे नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।

4500 घरों में कनेक्शन सिर्फ 1200 घरों में सप्लाई सड़क किनारे पड़ी मिट्टी

सीहोर। शहर में गेल गैस प्रोजेक्ट के तहत पिछले एक साल से अधिक समय से पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन 4,500 घरों में फिटिंग के बावजूद इसका फायदा सिर्फ 1,200 परिवारों को ही मिल पा रहा है।

बाकी 3,300 परिवार आज भी कनेक्शन लगने के बाद सप्लाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निर्माण कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद काम अधूरा छोड़ दिए जाने से बारिश के मौसम में जगह-जगह कीचड़ और गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ग्राउंड रिपोर्ट : कहीं कीचड़ का साम्राज्य, तो कहीं सड़क किनारे पड़े थे मिट्टी के ढेर, लोग थे परेशान प्रोजेक्ट के तहत सीटू नाले के उस पार भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, चाणक्यपुरी, विश्वनाथपुरी, ड्रीमसिटी, कंचन विहार और वैशाली नगर क्षेत्र में लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। अकेले चाणक्यपुरी, कंचन विहार और वैशाली नगर में ही करीब 1,500 कनेक्शन दिए गए हैं। मोती बाबा मंदिर और शुगर मिल चौराहा के पास लाइन डालने के बाद काफी समय तक मिट्टी सड़क किनारे ही पड़ी रही, जिसे दो दिन पहले ही समतल किया गया।

जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि शुगर मिल चौराहा से लुनिया चौराहा तक खुदाई की गई थी, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। शहर में कुल 150 किलोमीटर लंबी डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जानी है, जिसमें से 120 किलोमीटर लाइन डाली जा चुकी है।

वहीं 18 से 20 किलोमीटर लंबी मेन लाइन का भी आधा काम पूरा हो चुका है। मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद कुमार रॉय का कहना है कि अभी तक 4,500 घरों में कनेक्शन किए जा चुके हैं। इनमें से 2,600 कनेक्शन चार्ज हो चुके हैं और 1,200 घरों में सप्लाई शुरू कर दी गई है।

खबर संक्षेप



शिविर लगाकर किया गया 802 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 21 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 566 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 236 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 122 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कमिश्नर ने ग्राम लालाखेड़ी में किया निरीक्षण



सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग के कमिश्नर बुद्धेश वैध ने ग्राम लालाखेड़ी में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमन्तु समुदाय के लोगों से संवाद कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने समुदाय लोगों से उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की और संबंधितों को उनकी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जितेंद्र परमार, राहुल मेवाड़ा, राजकुमार धनगर, हरि सिंह धनगर, भारत पाल उपस्थित थे।

ग्रामीणों से संवाद कर जानी व्यवस्थाओं की स्थिति, निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा

एसडीएम-तहसीलदार ने स्कूल-आंगनबाड़ी और राशन दुकान का किया निरीक्षण, हकीकत जानी

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचकर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





मुख्यमंत्री जन संवाद अभियान के तहत शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर शासकीय योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानी। एसडीएम सुधीर कुशवाह और तहसीलदार सौरभ शर्मा आमला तहसील क्षेत्र के ग्राम ताजपुरा पहुंचे। यहां अधिकारियों ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान सहित गांव में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचने की स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी संबंधित कर्मचारियों से ली। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, पोषण आहार सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से केंद्र में दर्ज बच्चों और नियमित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के निर्माणाधीन भवन और सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर मौजूद संबंधित लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों से संवाद के दौरान स्थानीय समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही उनके निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों के इस मैदानी निरीक्षण का उद्देश्य शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, पटवारी नरेंद्र सिंह ठाकुर, निलेश सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

राशन दुकान में स्टॉक का किया मिलान

प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव की शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का भी निरीक्षण किया। यहां स्टॉक रजिस्टर का भौतिक स्टॉक से मिलान किया गया। राशन वितरण की प्रक्रिया और पात्र हितग्राहियों को मिलने वाले खाद्यान्न की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने ग्रामीण हितग्राहियों से भी संवाद कर पूछा कि उन्हें राशन प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने राशन वितरण व्यवस्था को लेकर अपनी स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराया।

दि ऑक्सफोर्ड हासे स्कूल में 32वां विद्यालयीन मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न





सीहोर। दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के 32वें विद्यालयीन मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत चौबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला सीहोर (म.प्र.) की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत एवं मार्च पास्ट से हुआ। नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं, हाउस कैप्टन, एनसीसी, जूनियर रेड क्रॉस, स्काउट एवं गाइड तथा बैंड ग्रुप ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने सीनियर एवं जूनियर कैबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं बैज प्रदान किए। मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे के भीतर एक लीडर होता है। विद्यार्थियों को सदैव आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए और जीवन की चुनौतियों का मजबूती एवं धैर्य के साथ सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाना चाहिए।

संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों को नेतृत्व के साथ विनम्रता, टीम भावना एवं जिम्मेदारी को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों एवं आचरण से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिकाओं अफरीन बानो एवं साक्षी गोगिया द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन छात्रा शालिनी तिवारी द्वारा किया गया।

दूध उत्पादक किसानों की हड़ताल का असर, डेयरियों पर नहीं पहुंचा दूध

घरों में नहीं पहुंचा ताजा दूध, बच्चे और बुजुर्ग पैकेट वाले दूध पर निर्भर





भैरूंदा। दूध के उचित भाव की मांग को लेकर दूध उत्पादक किसानों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर शनिवार को भैरुंदा तहसील क्षेत्र में साफ दिखाई दिया। किसानों के दूध की आपूर्ति रोकने से ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगर तक कई दूध डेयरियां बंद रहीं। रोजाना घरों तक पहुंचने वाला ताजा दूध नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए दूध की व्यवस्था करना लोगों के लिए चुनौती बन गया।

दूध उत्पादक किसानों का कहना है कि पशु आहार, हरा एवं सूखा चारा, दवाइयों और पशुओं के रखरखाव की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि उन्हें दूध का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसानों की मांग है कि दूध के खरीद भाव में वृद्धि की जाए और प्रति फैट के आधार पर उन्हें बेहतर भुगतान मिले।

डेयरियों पर पसरा सन्नाटा

हड़ताल के चलते शनिवार को स्थानीय दूध डेयरियों पर सामान्य दिनों की तरह दूध नहीं पहुंचा। ग्रामीण क्षेत्रों से दूध की आवक रुकने के कारण डेयरियों का संचालन प्रभावित रहा। इसका सीधा असर उन परिवारों पर पड़ा, जो प्रतिदिन आसपास की डेयरियों और दूध उत्पादक किसानों से ताजा दूध खरीदते हैं। दूध नहीं मिलने पर कई परिवारों को मजबूरी में अमूल, सांची सहित अन्य कंपनियों के पैकेट वाले दूध का सहारा लेना पड़ा। कुछ लोगों ने दूध पाउडर का भी उपयोग किया। लोगों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर मिलने वाला ताजा दूध बंद होने से रोजमर्रा की व्यवस्था प्रभावित हुई है।

बच्चों को पैकेट वाले दूध का सहारा

दूध की आपूर्ति ठप होने का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों वाले परिवारों में देखने को मिला। सुबह के समय दूध की तलाश में लोग डेयरियों और दुकानों पर पहुंचे, लेकिन स्थानीय स्तर पर दूध उपलब्ध नहीं होने से उन्हें पैकेट वाला दूध खरीदना पड़ा। वहीं, कई स्थानों पर पैकेट वाले दूध की मांग बढ़ने की भी स्थिति सामने आई।

एसडीएम और थाना प्रभारी को दी लिखित सूचना : इधर, दूध उत्पादक किसानों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल जारी रखने की जानकारी प्रशासन को भी दी है। शनिवार को किसानों की ओर से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने के संबंध में एसडीएम एवं थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपा गया। किसानों ने दूध के उचित भाव की मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। किसानों का कहना है कि दूध उत्पादन की लागत बढ़ने के बावजूद वर्तमान दूध की कीमत 50 से ही 55रुपए है, खरीद मूल्य उनकी मेहनत और खर्च के अनुरूप नहीं है। ऐसे में दूध का भाव बढ़ाना जरूरी है, ताकि पशुपालक किसानों को उत्पादन का उचित मूल्य मिल सके। हड़ताल के कारण दूध की आपूर्ति प्रभावित होने से अब इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी दिखाई देने लगा है।

अस्पताल के कमरे में लगी घड़ी में मिला था गुप्त कैमरा, अफसर मामले को दबाने की कोशिश में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी अस्पताल के एक कक्ष में दीवार पर लगी घड़ी के अंदर छिपा हुआ हिडन कैमरा और मेमोरी कार्ड मिलने से हड़कंप मच गया है। महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा से जुड़े इस संगीन मामले में जब विभागीय आलाधिकारियों की अनदेखी और मामले को दबाने की कोशिश सामने आई, तो महिला कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ का गुस्सा फूट पड़ा।

आक्रोशित महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने इछावर से विधायक और मध्य प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा के काफिले को उस समय अचानक घेरकर रोक लिया, जब वे पाटनी के नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करके लौट रहे थे। गाड़ियों का काफिला थमते ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मंत्री की गाड़ी को घेर लिया और अपनी सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

गंभीर आरोपों के बीच मंत्री का सख्त कार्रवाई का आश्वासन

ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में लगे हिडन कैमरे का मामला प्रमुखता से उठाया और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता करने की सख्त मांग की। महिला कर्मचारियों का साफ कहना है कि जब तक अस्पतालों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं होते और इस तरह की हरकतों में शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वे चुप नहीं बैठेंगी। मंत्री करण सिंह वर्मा ने अपनी गाड़ी में ही बैठकर पूरी संजीदगी के साथ ज्ञापन पत्र पढ़ा और पीड़ित महिलाकर्मियों की आपबीती सुनी। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच, सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और मांगों पर जल्द से जल्द कड़ा एक्शन लेने का भरोसा दिया। अधिकारियों पर जांच न कराने और मामला दबाने के आरोपः स्वास्थ्य समिति सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि करण सिंह मेवाड़ा ने बताया कि 13 अगस्त को बैठक के दूसरे दिन हिडन कैमरा और मेमोरी कार्ड मिलने की जानकारी सामने आई थी।

मेवाड़ा ने स्वास्थ्य अधिकारी सहित बीएमओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में बीएमओ डॉ. नवीन मेहर ने कहा कि मामला संज्ञान में आ चुका है और नियमों के तहत निष्पक्ष कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

छात्रवृत्ति और आवास सहायता के प्रकरणों के निराकरण शिविर लगाए

सीहोर। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन एवं आवास सहायता योजना से प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी अशासकीय कॉलेजों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

शिविर का उद्देश्य छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना से संबंधित लंबित आवेदनों का परीक्षण कर उनकी कमियों का निराकरण एवं प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करना था। शिविर में प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने लंबित हितग्राही योजनाओं कि निराकरण पर चर्चा की और मार्गदर्शन दिया।

आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर विज स्पेल बी में हासिल की टॉप रैंक



सीहोर। आईईएस पब्लिक स्कूल, सीहोर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की स्पेल बी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों जय जैन, दक्ष चौहान, वेद वर्मा, अदिति चतुर्वेदी एवं याजत वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

अंग्रेजी शब्दों की शुद्ध वर्तनी, उच्चारण और शब्द-ज्ञान पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर विद्यार्थियों ने न केवल अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि दर्ज की, बल्कि आईईएस पब्लिक स्कूल, सीहोर को भी गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कवाथेकर, ग्रुप डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल ने छात्रो को बधाई दी साथ ही बताया के स्कूल हर प्रकार से छात्रों के विकास एवं प्रगति के लिए निरंतर प्रयत्न करता रहता है जिसके द्वारा छात्रो को उचित परिणाम मिल सके। साथ ही कहा के ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें निरंतर सीखने और उत्कृष्टता की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

31 अगस्त को नगर पालिका परिसर में मनेगा भव्य रक्षाबंधन पर्व

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर हर साल की तरह इस बार भी बहनों को देंगे रक्षाबंधन का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व नगर पालिका के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। नगर पालिका के समीपस्थ पुरानी जेल परिसर में आगामी 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक विशेष रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शहर की बहनों से रक्षासूत्र बंधवाएंगे और उन्हें रक्षाबंधन पर्व का उपहार भी प्रदान करेंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में शहर के सभी वार्डों से बड़ी संख्या में बहनों के शामिल होने की संभावना है। रक्षाबंधन के इस विशेष आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी उत्साह का माहौल है।



बहन-भाई के स्नेह और विश्वास का पर्व है रक्षाबंधन

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहरवासियों को रक्षाबंधन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, विश्वास, सम्मान और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने शहर के प्रत्येक वार्ड की अपनी बहनों से अपील की कि वे 31 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे के बीच पुरानी जेल परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर रक्षाबंधन समारोह में शामिल हों और इस पवित्र पर्व को उत्साह के साथ मनाएं।

बहनों को दिया जाएगा विशेष उपहार

समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बहनों से राखी बंधवाने के साथ उन्हें रक्षाबंधन का उपहार भी प्रदान किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर पालिका के अमले द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन में शहर के विभिन्न वार्डों से जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं नगर पालिका का अमला भी मौजूद रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर की बहन-बेटियों का स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए सदैव प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन का यह आयोजन इसी आत्मीय रिश्ते और विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है।

जन विश्वास शिविर आयोजित, आए 16 आवेदन, 15 का किया तुरंत निराकरण



सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत इछावर जनपद के ग्राम पंचायत भाउखेडी में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम वासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को गांव की नालियो एवं आंतरिक मार्गो की समस्याओ से अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में मुख्यमंत्री जन कल्याण के 5, पेंशन के 8, पीएम किसान सम्मान निधि का 1 और बीपीएल में नाम जोड़ने का 1 आवेदन आया। इन सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना का 1 आवेदन आया, जिसकी अनुशंसा कर आवेदन को जिला कार्यालय भेज दिया गया है। शिविर में इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, तहसीलदार गजेंद्र लोधी, जनपद सीईओ रूषाली पोरस सहित ग्राम के सरपंच और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


कांग्रेस पार्षद ने निर्वाचन कार्यालय में की राजगढ़ नपाध्यक्ष की शिकायत

नपाध्यक्ष की कुर्सी पर खतरे के बादल करोड़पति फिर भी बीपीएल कार्डधारी

उप-जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के लिए बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़





नगरीय निकाय चुनाव के चार वर्षों बाद राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की कुर्सी पर खतरे के बादल मंडराए हैं। नगर के वार्ड-14 के कांग्रेस पार्षद मोहित तंवर ने कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को मय तथ्यों के साथ शिकायत की है कि नपाध्यक्ष साहू के पास चुनाव के समय गरीबी रेखा की सूची से नीचे (बीपीएल) वाला कार्ड था। जबकि, निर्वाचन कार्यालय को उन्होंने अपनी संपत्ति संबंधी जो ब्यौरा शपथ-पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया उसमें उनकी सकल संपत्ति करीब 1 करोड़ रुपए दर्शाई है।

शिकायत के अनुसार चुनाव के समय आयोग को दिए गए शपथ-पत्र में गरीबी रेखा की सूची में नाम होने संबंधी जानकारी साहू ने छिपाई है। ऐसे में मांग की गई है कि बीपीएल कार्ड वाली जानकारी छिपाने के चलते नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के पार्षद वाला चुनाव शून्य घोषित कर दिया जाना चाहिए। पार्षद मोहित तंवर ने अपनी शिकायत की सत्यता संबंधी सभी दस्तावेज और साक्ष्य भी निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाए हैं। आपको बतादें कि विनोद साहू का नाम राजगढ़ नपा के वार्ड-2 की बीपीएल सूची में क्रमांक-309 सर्वे क्रमांक-379 एवं राशन कार्ड सीरियल नंबर 309 पर दर्ज है।

आपराधिक मामले की जानकारी भी छिपाई

नपाध्यक्ष साहू पर आरोप यह भी है कि साल 2010 में आपराधिक मामले में जेल में रहने की जानकारी भी शपथ-पत्र में उल्लेखित नहीं की गई थी।

अध्यक्षीय कार्यकाल में आयुष्मान योजना का लिया लाभ

इस संबंध में पार्षद मोहित तंवर एवं पूर्व पार्षद अनिल जैन से शुक्रवार दोपहर स्थानीय मिड-वे ट्रीट पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरी शिकायत और मामले की जानकारी दी गई। पार्षद तंवर ने निर्वाचन आयोग को यह भी उल्लेख किया है कि अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने आयुष्मान योजना का लाभ लेते हुए भोपाल के स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल से करीब 1 लाख 40 हजार रुपए में अपनी पथरी का इलाज करवाया। इसका भुगतान आयुष्मान योजना से हुआ है।

शहरी विकास अभिकरण को सौंपी जांच

उक्त शिकायत प्राप्त होने पर निर्वाचन कार्यालय ने उसे गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास अभिकरण को शिकायत की बिन्दुवार जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह में भेजने आदेशित किया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी की शिकायत

कांग्रेस पार्षद की इस शिकायत को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि उक्त शिकायत की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। इसके साथ ही यदि कहीं कुछ गड़बड़ है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

इनका कहना है...

आरोप झूठे हैं। मैने साल 2012 में ही एसडीएम को लिखित में दिया था कि मेरा नाम बीपीएल से हटाया जाए। मैं इस कार्ड से गेहूं, नमक, चावल कुछ नहीं ले रहा हूं। आयुष्मान कार्ड वाला आरोप भी झूठा है। हो सकता है मैं बेहोश था तो राजनैतिक द्वेषता के चलते किसी ने मेरा अंगूठा लगवा लिया हो। शिकायतकर्ता नासमझ हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वे बच्चागिरी वाली राजनीति बंद करें और तथ्यों के साथ बात करें।

विनोद साहू, नपाध्यक्ष
नगर पालिका, राजगढ़

ग्रामीणों में आक्रोश के बीच पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

पड़ाना में दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित पुलिस की तत्परता से टला बड़ा विवाद



युवक हिरासत में, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ कस्बा पड़ाना में शुक्रवार को दो देवस्थलों की मूर्तियां खंडित किए जाने और उन्हें उठाकर फेंकने की घटना से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे और गांव में तनाव की स्थिति बनने लगी। हालांकि पुलिस और प्रशासन की तत्परता के चलते स्थिति बिगड़ने से पहले ही मोर्चा संभाल लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सदर बाजार में सड़क किनारे स्थित भैरू महाराज के देवस्थान पर लगी मूर्ति को एक युवक द्वारा कथित रूप से खंडित कर दिया गया। इसके बाद साधनखेड़ी रोड पर उज्जैन वाली माताजी के सामने स्थित काला-गोरा महाराज के देवस्थान से भी मूर्तियां उठाकर फेंकने की घटना सामने आई। कुछ ही समय में यह खबर पूरे कस्बे में फैल गई और ग्रामीण देवस्थलों के आसपास एकत्रित होने लगे।

मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की

घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा, टीआई राहुल रघुवंशी सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। दोनों देवस्थलों से जुड़ी घटना को लेकर गांव के ही बल्लू पिता फकीरचंद वंशकार पर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में सामने आए घटनाक्रम और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर युवक की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस की सक्रियता के बाद दोनों देवस्थलों की मूर्तियों को व्यवस्थित करवाकर पुनः स्थापित कराया गया। इससे ग्रामीणों में भी स्थिति सामान्य होने लगी। पुलिस बल की मौजूदगी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई। एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रक्षाबंधन पर 3 दिन छोटे दुकानदारों से नहीं लिया जाएगा बाजार बैठक शुल्क

शामगढ़। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए नगर परिषद ने छोटे और फुटकर व्यापारियों को राहत देने का निर्णय लिया है। नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव के निर्देश पर 26, 27 और 28 अगस्त को राखी, नारियल, पूजन सामग्री सहित अन्य छोटी-मोटी वस्तुओं की अस्थायी दुकानें लगाने वाले फुटकर व्यापारियों और ठेले वालों से बाजार बैठक शुल्क नहीं लिया जाएगा। अध्यक्ष यादव ने कहा कि त्योहार के दौरान कई छोटे व्यापारी जमीन पर अस्थायी दुकान लगाकर परिवार का गुजारा करते हैं। सालभर के इस सीजन में होने वाली कमाई उनके लिए महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में नगर परिषद ने तीन दिनों के लिए बाजार बैठक शुल्क माफ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने इसे बहनों की ओर से भाइयों को तोहफा बताया मुख्य मार्ग पर वाहन खड़े नहीं करने की अपील त्योहारी बाजार में भीड़ और यातायात को देखते हुए नगर परिषद ने मुख्य मार्ग को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य मार्ग पर खड़े चार पहिया वाहनों को हटाया जाएगा, ताकि खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को परेशानी न हो और फुटकर व्यापारियों को भी दुकान लगाने के लिए जगह मिल सके।



रहवासियों और स्थायी दुकानदारों से सहयोग मांगा

नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्य मार्ग के रहवासियों और स्थायी दुकानदारों से छोटे व्यापारियों के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बाहर से आने वाले छोटे दुकानदारों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। नगर परिषद का प्रयास है कि त्योहार के दौरान बाजार में खरीदारी के साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी टीम की कार्रवाई

कैंट क्षेत्र के मातापुरा से दो बोरियों में मिली 16500 रुपए की अवैध शराब, जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा गुना शहर के मातापुरा कैंट में मुखबिर सूचना पर पारदी के घर से दो बोरी में 61 पन्नी पाउच पाए गए जो की मापने पर 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा पाई गई। मौके पर आरोपी व्यक्ति पारस पुत्र केदार पारदी उम्र - 24 वर्ष निवासी मातापुरा पाया गया, जिसने उक्त मदिरा बेचना स्वीकार किया। उक्त मदिरा की अनुमानित कीमत रूपये 16500 रुपये है। मदिरा की उचित जाँच हेतु सैंपल निकाले गए जिन्हे एफएसएल ग्वालियर भेजा जाएगा। अतः आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक खुशबू रघुवंशी, की भूमिका रही।

251 किलो खिचड़ी का लगेगा भोग

मेघदूत नगर के महाराजा श्री भूरिया महादेव की अंतिम श्रावण सोमवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मेघदूत नगर बालाजी समिति द्वारा मेघदूत नगर स्थित श्री भूरिया महादेव मंदिर में श्रावण मास पर प्रतिदिन विशेष अभिषेक, पूजन अर्चन कर महाआरती की जा रही है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार 24 अगस्त को सायं 7.30 बजे बाबा भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार व अभिषेक किया जाएगा तथा तत्पश्चात महाआरती कर 251 किलो खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री भूरिया महादेव मंदिर समिति के नेमीचन्द खिमेसरा ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन मास में मंदिर में भव्य एवं विशेष आयोजन किये जाते है। यहां प्रतिदिन जलाभिषेक के लिये भक्तों की भीड़ लगी रहती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सायं 7.30 बजे भूरिया महादेव की महाआरती कर 251 किलो खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा जिसे भक्तों में वितरित किया जाएगा।

भगवान झूलेलाल मंदिर में संपन्न हुआ छप्पन भोग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



आनंद विहार स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में छप्पन भोग प्रसाद का आयोजन पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक उत्सव में सिंधी समाज सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया। शाम को भगवान झूलेलाल जी की पावन महाआरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसकी मनमोहक छटा ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच छप्पन भोग का महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे ग्रहण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

महोत्सव में समाज के वरिष्ठ दृष्टानन्द नैनवानी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुभाई सेवानी, महामंत्री राजेश चाहूजा, नन्दूभाई आडवानी, दयाराम जैसवानी, ताराचंद जैसवानी, रामभाई सेवानी, पार्षद भावना पमनानी, सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में अध्यक्ष रमेश भाई लवाणी, उपाध्यक्ष रमेश रायमलानी, उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा, महासचिव भगवानदास वासवानी, कोषाध्यक्ष किशन लवाणी, किशोर आनन्द ने अग्रणी भूमिका निभाई। इसके साथ ही कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों के अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा भाव से यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत व्यवस्थित और स्मरणीय रहा। उपस्थित सभी धर्म प्रेमियों ने भगवान झूलेलाल जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और ह्यजय झूलेलालह्ल के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। अंत में सभी का आभार महामंत्री भगवानदास वासवानी ने माना।

जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस वात्सल्यधाम में सेवा कार्य, देवडूंगरी में पौधरोपण कर मनाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि विश्व फोटोग्राफी दिवस उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी कला से जिले की खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद किया है। फोटोग्राफर्स ने जिले के प्रमुख स्थानों को चित्रों के माध्यम से देश व दुनिया में प्रसिद्ध किया है। एसोएसिशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वात्सल्यधाम पहुंचकर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया उनकी कुशलक्षेम पुछी उसके पश्चात देवडूंगरी माताजी मंदिर पहुंचकर दर्शन वंदन किये गये एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व फोटोग्राफी दिवस पर केक काटकर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल, सचिव मुकेश कनेसरिया, उपाध्यक्ष कुणाल कश्यप, कोषाध्यक्ष हकीम, सहसचिव नितिन शर्मा, प्रवक्ता उमेश कुमावत, विशाल शर्मा, राकेश दुबे, नरेन्द्र ब्रिजवानी, लखन बड़ोलिया, राजू लोहार, राजू मकवाना, अमित परमार, अरूण कुमावत आदि उपस्थित थे।

युवा वर्ग की पहल से टीबी मुक्त भारत की ओर मंदसौर की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से मजबूत करने के उद्देश्य से देश के 50 चयनित जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के लिए मध्यप्रदेश के 5 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें मंदसौर जिला भी शामिल है। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन व जिला क्षय अधिकारी के निर्देशन में मंदसौर जिले में अभियान के लिए मुल्तानपुरा, बही, कचनारा, देथली खुर्द एवं नावली सहित 5 ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य माय भारत वालेंटियर्स को यूथ एम्बेसेडर के रूप में तैयार कर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी के प्रति जागरूकता, जनभागीदारी एवं सामुदायिक पहुंच को बढ़ाना है।

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक की टीबी टीम में क्लास-1 ऑफीसर्स के साथ 5 माय भारत वालेंटियर्स एवं 5 एनसीसी कैडेट्स को सम्मिलित किया गया है। गठित टीबी मुक्त भारत टीमों द्वारा चयनित ग्रामों में घर-घर संपर्क, टीबी जागरूकता, सामुदायिक गतिविधियां एवं जनसंवाद आयोजित किए जाएंगे। साथ ही टीबी मुक्त भारत ऐप के माध्यम से अभियान की गतिविधियों एवं टीबी जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। टीबी मुक्त भारत टीमों द्वारा फील्ड स्तर की गतिविधियां 24 अगस्त से 30 सितम्बर 2026 तक संचालित की जाएंगी। इस दौरान युवाओं की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को टीबी के लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के प्रति जागरूक करेगी तथा टीबी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास करेगी।

टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार चयनित ग्रामों में सीटीडी द्वारा निर्धारित जनसंख्या के आधार पर सर्वेक्षण भी कराया जा रहा है। सर्वे के दौरान नागरिकों से टीबी से संबंधित निर्धारित प्रश्नों की जानकारी प्राप्त की जाएगी। इसका उद्देश्य टीबी के संभावित मामलों की पहचान कर आवश्यकतानुसार जांच एवं उपचार की दिशा में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

रियायती दरों पर आरंभ डायग्नोस्टिक सेंटर बहु उपयोगी साबित होगा

वैश्य समाज के दो दिवसीय डायग्नोस्टिक जांच शिविर में 112 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



वैश्य महासम्मेलन जिला युवा इकाई मंदसौर के तत्वावधान में दो दिवसीय डायग्नोस्टिक जांच शिविर का आयोजन लायंस क्लब मंदसौर, प्रहलाद गर्ग फाउंडेशन एवं मंदसौर आयुर्वेद मेडिकल हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से रोम टावर के पीछे पीयूष ट्रेडर्स परिसर पर संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर पर रखा गया, जहां पर दो दिनों में 112 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों ने रियायती दरों पर जांच करवा कर शिविर का लाभ उठाया। दो दिवसीय शिविर वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी, जिला महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय, युवा इकाई के संभागीय प्रभारी कपिल भंडारी, संभागीय अध्यक्ष डॉ आशीष अग्रवाल, डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, समिति सदस्य डॉ. मजहर हुसैन एवं डॉ, विक्रांत भावसार की गरिमामयी उपस्थिति में लगाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मंदसौर शहर में रियायती दरों पर डायग्नोस्टिक सेंटर आरम्भ हुआ उसका लाभ आम नागरिकों को उठाना चाहिए। आज के दौर में कोई भी बीमारी हो, चिकित्सक दवा लिखने से पूर्व मरीज की डायग्नोस्टिक जांच करवाता है उसके उपरांत इलाज करता है ऐसे में मंदसौर शहर में रियायती दरों पर डायग्नोस्टिक सेंटर जो आरंभ हुआ है इसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेना चाहिए। साथ ही मंदसौर शहर के चिकित्सकों को भी ऐसे डायग्नोस्टिक सेंटर पर मरीज को अधिक से अधिक भेजना चाहिए ताकि रियायती दरों पर उनका उपचार हो सके।

अतिथियों ने कहा कि लायंस क्लब, प्रहलाद गर्ग फाउंडेशन तथा मंदसौर आयुर्वैदिक मेडिकल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में संचालित होने वाला यह डायग्नोस्टिक सेंटर आने वाले समय में इस शहर की बड़ी आवश्यकता की पूर्ति करेगा। पूर्व में भी मंदसौर शहर में लायंस क्लब ने दशरथ नगर में डायग्नोस्टिक सेंटर आरंभ किया था जो वर्षों तक संचालित हुआ। उसी प्रकार अब यह सेंटर बहुउपयोगी साबित होगा। डायग्नोस्टिक सेंटर के चेयरमैन रत्नेश कुदार ने रियायती दरों पर आरंभ किए गए सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से लाभ लेने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप

सुख-दुख कर्मों के फल हैं, राग-द्वेष की गांठ खोलें : विजय महाराज

आष्टा। पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज ने आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला स्थित उपाश्रय में आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में सुख और दुख आने के पीछे कर्मों का प्रभाव होता है। सुख धर्म के फल से प्राप्त होता है, इसलिए व्यक्ति को कर्मों का क्षय करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने मणीभद्र स्वामी का वृतांत सुनाते हुए धर्म और आत्मचिंतन के महत्व पर प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि राग-द्वेष की गांठ गन्ने की गांठ के समान होती है। जब तक यह गांठ भीतर बनी रहती है, तब तक व्यक्ति आत्मिक शांति प्राप्त नहीं कर सकता। इस लिए जीवन में राग-द्वेष को कम करने की भावना रखनी चाहिए। संवत्सरी के पूर्व व्यक्ति को अपने मन से सभी के प्रति क्षमा का भाव रखना चाहिए। जैसी मति होती है, वैसी ही गति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति संसार के सुख और भोगों के लिए लगातार दौड़ता रहता है, लेकिन वास्तविक सुख आत्मा के कल्याण में है। पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज ने कहां सम्यकदर्शन की प्राप्ति का अर्थ भगवान के वचनों पर श्रद्धान रखना है। अपने परिणामों को सदैव शुभ और निर्मल रखने का प्रयास करें तथा कर्मों का क्षय करें। जिनवाणी को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। यदि मंदिर जाने के लिए समय न मिले तो घर पर ही जिनवाणी का श्रवण अवश्य करना चाहिए। महाराज ने कहा कि "आप संसार में हैं, लेकिन संसार आपके भीतर नहीं होना चाहिए,यही सम्यक दर्शन की दिशा है।" व्यक्ति के हाथ में चाकू और आंखों में आंसू वाली स्थिति की कहावत चरितार्थ हो रही है।

विधायक सुदेश राय ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता सुधारने के लिए कहा

घटिया निर्माण की शिकायत पर विधायक ने रुकवाया दोराहा जोड़ के ब्रिज का काम

एनएच-46 पर लंबे समय से चल रहा है ब्रिज का निर्माण कार्य, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा



एनएच-46 के दोराहा जोड़ पर लंबे समय से चल रहे ब्रिज निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठ रही शिकायतों के बाद अब मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। निर्माण कार्य में कथित तौर पर घटिया सामग्री एवं मानकों की अनदेखी की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया। विधायक ने वीडियो कॉल के माध्यम से मौके की स्थिति देखी और निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने के स्पष्ट निर्देश दिए। विधायक के निर्देश पर क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों के साथ दोराहा जोड़ स्थित निर्माण स्थल पर पहुंचे। टीम ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और निर्माण की गुणवत्ता को लेकर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान निर्माण कार्य को लेकर कई सवाल भी खड़े किए गए।

वीडियो कॉल पर विधायक ने लिया जायजा

बताया जा रहा है कि ब्रिज निर्माण की गुणवत्ता को लेकर शिकायत विधायक सुदेश राय तक पहुंची थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा एवं कार्यकर्ताओं से वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे जानकारी ली। मौके की स्थिति देखने के बाद विधायक ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्माण कार्य को बंद करने के निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट किया कि जनता के पैसों से बनने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों और तकनीकी मानकों के अनुसार ही होना चाहिए। यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोराहा जोड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन ब्रिज को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। एनएच-46 से जुड़े इस मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में ब्रिज का निर्माण मजबूत और गुणवत्तापूर्ण होना बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं तो संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी को इसकी गंभीरता से जांच करनी चाहिए।

गुणवत्ता से समझौता नहीं: विधायक

विधायक सुदेश राय के इस हस्तक्षेप के बाद निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों पर भी सवाल उठने लगे हैं। विधायक ने साफ संकेत दिया है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। पहले निर्माण की गुणवत्ता की जांच और स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही आगे का काम शुरू किया जाना चाहिए। मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने भी कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में जनता के हित सर्वोपरि हैं। यदि किसी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर शिकायत आती है तो उसकी जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं और शिकायतों को विधायक तक पहुंचाकर उनका समाधान कराने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज

दोराहा जोड़ पर चल रहे ब्रिज निर्माण को विधायक द्वारा



वीडियो कॉल के माध्यम से रुकवाए जाने की खबर के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। अब लोगों की नजर इस बात पर है कि संबंधित विभाग द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कब कराई जाती है और जांच में क्या सामने आता है। स्थानीय नागरिकों ने भी मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर दोष पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ब्रिज की मजबूती और सुरक्षा को लेकर कोई सवाल खड़ा न हो। फिलहाल विधायक के निर्देश के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया है। अब जांच के बाद ही आगे की तस्वीर साफ होगी कि निर्माण में वास्तव में किस स्तर की खामी थी और उसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होती है।

ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

कार्रवाई नहीं हुई तो घेराव की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़क, पुलिया एवं आवागमन से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मुख्य बाजार गांधी चौक, जावर पर एकत्रित हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर तहसील पहुंचकर अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने जोरदार तरीके से रखा। रैली में जीवापुर महोडीया, भाटीखेड़ा, टिगरिया, मेहतवाड़ा, खेड़ापुरा, पीपलिया सलारसी, खेजड़ा खेड़ा सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण एवं किसान शामिल हुए।

ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय से वे अपने गांवों की सड़क, पुलिया और आवागमन संबंधी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का नेतृत्व नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य ने किया। तहसील कार्यालय पहुंचने के बाद किसानों एवं ग्रामीणों ने तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया को ज्ञापन सौंपा और विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में कहा कि गांवों की मूलभूत समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाए, ताकि किसानों और आम ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में तहसील मुख्यालय का घेराव कर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सहमति जताई और फिलहाल प्रशासन को कार्रवाई के लिए समय देने की बात कही। हालांकि ग्रामीणों ने साफ कर दिया कि यदि आश्वासन के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को अगले चरण में ले जाया जाएगा। अब ग्रामीणों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर है। वर्षों से लंबित सड़क और पुलिया की समस्याओं के समाधान को लेकर आज का प्रदर्शन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

विधायक ने सर्वसुविधायुक्त हाईस्कूल भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत जाफराबाद सियाखेड़ी में 1 करोड़ 37 लाख 50 हजार की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त हाईस्कूल भवन का लोकार्पण विद्यालय भवन के लोकार्पण विधायक का सरपंच शांताबाई बाबूलाल मेवाडा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया। विधायक ने कहा कि आपकी ये जाफराबाद पंचायत में ही अभी तक 2 करोड़ 68 लाख के विकास के कार्य जिसमे पंचायत भवन,स्कूल भवन, बाउंड्रीवाल, टीन शेड निर्माण, पेबर्स ब्लॉक, शमशान में टीन शेड, नाली निर्माण जैसे अनेकों कार्य हुए है । अपने उदबोधन ने विधायक ने इस ग्राम के लोगो द्वारा पूर्व में ग्राम को नशे से मुक्त करने,डीजे पर प्रतिबंध के निर्णय की भी प्रशंसा की। विधायक ने कहा ये ग्राम अन्य ग्रामो के लिये प्रेरणा का स्त्रोत है। कार्यक्रम को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई,मंडल कोठरी के अध्यक्ष देवजी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों, सरपंचों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का ग्राम पंचायत की ओर से भव्य स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल मेवाडा ने विधायक इंजीनियर को एक मांग पत्र सौपा जिसमे उन्होंने ग्राम का नाम जाफराबाद से बदल कर सियाखेड़ी करने,हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकेंड्री करने सहित अन्य मांग की। ग्राम सियाखेड़ी पहुचने पर ग्रामीणजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की भव्य अगवानी कर स्वागत,सम्मान किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कन्या शिक्षा परिसर में पालक-शिक्षक वार्ता व कृषि जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



सीहोर। सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में पालक-शिक्षक वार्ता एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीत गाबा ने अभिभावकों से संवाद करते हुए परीक्षा परिणाम, बालिकाओं की शैक्षणिक प्रगति, विद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, अनुशासन, सुरक्षा एवं विद्यालय के महत्वपूर्ण नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय के नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा बालिकाओं की शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास में विद्यालय का सहयोग करने का आग्रह किया।कार्यक्रम के दूसरे चरण में सूर्या फाउंडेशन के कृषि विशेषज्ञ गौतम नायक ने अभिभावकों को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नशामुक्ति पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति रही। नाटक के माध्यम से अभिभावकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, प्रशासक अशोक त्रिपाठी, उप-प्राचार्य लोकेश, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अमित दुबे द्वारा किया गया।

प्राचीन देवबड़ला में पुरातत्व दल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बीलपान में पुरातत्व विभाग के अधिकारी लगातार दस्तक दे रहे हैं मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने कहा पिछले दो वर्षों से देव बड़ला का काम रुका हुआ है। लेकिन अभी दो महीने से लगातार अधिकारियों का आना-जाना लगा हुआ है, पुनः काम शुरू होने की संभावना है। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया देव बड़ला पुरातत्व विभाग कि बहुत बड़ी व महत्वपूर्ण धरोहर है। यहां पर शीघ्र ही काम चालू किया जाएगा आयुक्त पुरातत्व मदन कुमार के निर्देश पर देव बड़ला मे रुके हुए काम को जल्द ही गति देने के लिए पुरातत्व विभाग के अधिकारी आए दिन यहां का अवलोकन कर आगे की कार्य योजना तैयार कर रहे हैं। इसी तारतंभ में ओपी कतिया उपसंचालक वित्त विभाग पुरातत्व भोपाल व टीम के अधिकारीयों द्वारा देव बड़ला का अवलोकन कर रुके हुए कम को गति देने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। पुरातन अधिकारी डॉ. रमेश यादव के अनुसार देव बड़ला स्मारक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वाल कर गेट लगाना एवं 24 घंटे वाली बिजली सीसीटीवी कैमरे आदि कार्य अनिवार्य है। पुरातन अधिकारी योगेश पाल ने कहा डीपीआर तैयार हो रहा है। शीघ्र रुके हुए काम को पुन शुरू किया जाएगा। जिसमें बाउंड्री वॉल दोनों तरफ गेट आगे की खुदाई व अन्य काम किए जाएंगे।

अमृतरसा श्रीजी ने श्री नवकार महामंत्र आराधना के दौरान आचार्य के गुणों का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज ने नवकार महामंत्र आराधना के तृतीय दिवस पर उपस्थित समाज जनों संबोधित करते हुए कहा कि 36 गुणो से परिपूर्ण ऐसे आचार्य भगवंत होते हैं परमात्मा एवं गुरु की आज्ञा का पालन कर ही व्यक्ति अपनी आत्मा का उद्धार कर सकता हैं। परमात्मा की आज्ञा अगर लाख की है तो गुरु की आज्ञा सवा लाख की है। आपके दिल में गुरु का स्थान होना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन गुरु के दिल में आपका स्थान होना बहुत बड़ी एवं सौभाग्य की बात है। क्योंकि गुरु कृपा से ही प्रभु कृपा प्राप्त होती है। आचार्य भगवंत संघ के नायक होते हैं यह धर्म का संचालन करते हैं आचार्य स्वयं दीक्षा देते हैं एवं साधकों को धर्म का सच्चा मार्ग प्रशस्त करते हैं 36 गुणो के धारक होते हैं एवं संघ का नेतृत्व करते हैं गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। गुरु से ही हमारा जीवन शुरू होता है मनुष्य के जीवन में गुरु का होना परम आवश्यक है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की सा धार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ प्रकाश चंद्र आलोक कुमार,अरविंद कुमार बरडिया परिवार द्वारा लिया गया एवं प्रवचन प्रभावना का लाभ मांगीलाल ,संजय कुमार सिसोदिया परिवार,ताल द्वारा लिया गया। सोमवार को सुबह 8:00 बजे पिस्ता बाई सिरेमल चोरडिया परिवार के निवास स्थान से ढोल नगाड़ों के साथ जाजम का जुलूस निकाला जाएगा जो ज्ञान मंदिर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित होगा साथ ही विभिन्न प्रकार के धार्मिक चढ़ावे संपन्न किए जाएंगे। मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

प्रोफेसर-वैज्ञानिक, रिसर्चर और अधिकारी पहुंचे ग्राम पिपलिया सलारसी

विज्ञान से गांव की अर्थव्यवस्था बदलने पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पिपलिया सलारसी ग्राम पंचायत में चल रहे पांच दिवसीय विज्ञान एवं तकनीक आधारित प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रोफेसर, वैज्ञानिक, रिसर्चर और अधिकारी पहुंचे। यहां ग्रामीण संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर रोजगार और आय के नए अवसर विकसित करने पर मंथन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वैज्ञानिक एवं पर्यावरणविद् डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि गांव में उपलब्ध नरवाई, गोबर और जैविक कचरे को बेकार समझने के बजाय उत्पादन का कच्चा माल माना जाए।

वैज्ञानिक प्रसंस्करण से यही संसाधन ऊर्जा और रोजगार का आधार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तकनीक तभी सफल होगी, जब वह स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहारिक हो। किसी भी यूनिट की शुरुआत से पहले कच्चे माल की उपलब्धता, लागत, ऊर्जा, उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और बाजार का आकलन जरूरी है। इससे तकनीक को केवल प्रशिक्षण तक सीमित रखने के बजाय स्थायी उद्यम में बदला जा सकता है। विषय विशेषज्ञ डॉ. राज सुमन भारद्वाज ने ब्रिकेटिंग, गोबर आधारित उत्पादन, चारकोल, नरवाई, पैलेट्स और गौकाष्ठ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि अवशेषों को जलाने से होने वाले नुकसान को कम करते हुए इन्हें उपयोगी ईंधन उत्पादों में बदला जा सकता है। डॉ. राहुल कुमार ने गोबर, पत्तियों, जैविक कचरे, नरवाई और गाजर घास से बायोगैस व मीथेन उत्पादन की संभावनाओं को समझाया। उन्होंने जैविक संसाधनों से ऊर्जा तैयार करने की प्रक्रिया और इसके ग्रामीण उपयोग पर चर्चा की। प्रशिक्षण में दूधी नदी संरक्षण एवं संवर्धन को भी प्रमुख विषय बनाया गया। डॉ. मालवीय ने कहा कि नदी को बचाने के लिए गांव स्तर पर कचरे और अपशिष्ट का प्रबंधन जरूरी है। यदि जैविक कचरे का उपयोग खाद या ऊर्जा उत्पादन में हो और प्लास्टिक सहित अन्य अपशिष्ट का उचित निस्तारण किया जाए तो जलस्रोतों पर दबाव कम किया जा सकता है। ग्रामीण सहभागिता को नदी संरक्षण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया। कृष्णकांत मिश्रा ने ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं और उनके उपयोग की संभावनाओं पर जानकारी दी। अर्जुन सिंह ने योजनाओं और तकनीकी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। अल्केश ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि मेहरबान सिंह रहे। पूर्व सरपंच तेजसिंह ने क्षेत्र में नरवाई आधारित प्रोडक्शन यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई। ग्राम पंचायत सरपंच सोभाल सिंह पटेल ने प्रशिक्षण से जुड़े विशेषज्ञों, अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से मां हिंगलाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में युवाओं को अपशिष्ट प्रबंधन, कम्पोस्टिंग, वर्मी कम्पोस्ट, ब्रिकेटिंग, बायोगैस, प्लास्टिक प्रबंधन और नदी संरक्षण की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

विवेक पूर्वक करें भोजनः मुनि सागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोजन करते समय विवेक का ध्यान रखना चाहिए। जल में सूक्ष्म जीवों की उत्पत्ति और उनकी हिंसा की संभावना रहती है, इसलिए जल के उपयोग में भी बहुत सावधानी आवश्यक है। हिंसा और अहिंसा के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल को छानने की प्रक्रिया में भी सूक्ष्म जीवों की हिंसा हो सकती है। वहीं गाय और मां का दूध अमृत के समान माना गया है। भोजन एवं दैनिक जीवन में विवेकपूर्वक आचरण करे। उक्त बाते समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर स्थित आचार्य विद्यासागर धर्मसभा सभागार में आशीर्वचन देते हुए कही। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में तीन दिवसीय रक्षामंडल महामंडल विधान का आयोजन 26, 27 एवं 28 अगस्त को किया जाएगा।